years, creating a euphoria. This is the result of absence of scientific environment. I request that proper steps be taken to intensify the research effort and increase the production of oils in our country.

(x) Non-payment of sugar cane arrears by three sugar mills of East Champaran district (Bihar) to the cane growers.

श्री कमला मिश्र मधुकर (मोतीहारी) : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार के पूर्वी चम्पारन जिले की तीन चीनी मिलें बाराचकिया, मोतीहारी और सुगाली गन्ना उत्पादक किसानों का बकाया भुगतान नहीं कर रही हैं। इस से लाखों किसानों को अपार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

इन के घरों में शादी-ब्याह के लिये पैसा नहीं है। कर्ज भी समय पर नहीं मिल रहा है। सरकारी ऋणों का भुगतान ये किसान नहीं कर पा रहे हैं। अपने परिवार के गहनों को इन्हें बेचना पड़ रहा है खेती के आगे के कामों में पैसे के अभाव में प्रगति नहीं हो रही है।

बाराचकिया तथा सुगाली चीनी मिलों का पिछला बकाया भी पूरी भुगतान नहीं हुआ है।

किसान जब अन्दोलन करते हैं तो मिल राज्य सरकार के सिर पर अपना दोष थोप देती है और राज्य सरकार केन्द्र सरकार पर। इस तरह किसान बैल-तर के मारे बबूल-तर में भटक रहे हैं।

अस्तु मेरी मांग है कि केन्द्र सरकार किसानों की दुरावस्था को दूर करने में बिहार सरकार पर पर दबाव डाले या कोई दूसरी राह निकाले कि गन्ना किसानों का भुगतान अविलम्ब हो।

(xi) Refusal by Fourth Pay Commission to entertain memorandum submitted by the Sainik School Employees' Association

SHRI AJIT BAG (Serampore): Sir, I am surprised to learn that a Memorandum submitted by Sainik Schools employees Association, Satara, (MP) and Korukunda (Andhra Pradesh) etc. to the fourth Pay Commission has not been entertained on the ground that Sainik Schools are being run by autonomous bodies and hence they cannot come under the purview of the Commission. Every penny that is being spent on these schools comes either from the State Government or the Central revenue. Land, building and maintenance are the commitment of the State and the Centre both. Therefore, the *argument that are run by autonomous* bodies is untenable. In fact, Kendriya Vidyalayas are also run by so-called autonomous bodies. But the teachers and staff of these Vidyalayas enjoy all the facilities as enjoyed by the Central Government employees. Both the KVS and the Sainik Schools teach upto 10 plus 2 standards. Besides Sainik Schools have one more important task before them, i.e., to prepare students for the Defence Services. Even the concessions given on the occasion of Republic Day to the Teachers by the Education Ministry have not been extended to Sainik School teachers. I therefore urge upon the Government to allow Sainik schools to be considered by the Fourth Pay Commission and also take steps to provide Sainik School teachers right to form Association and for representing grievances collectively to the Management.

12.32 hrs.

WORKMEN'S COMPENSATION (AMENDMENT) BILL

MR. DEPUTY-SPEAKER : Now, we take up Legislative Bnsiness. The Workmen's Compensation (Amendment) Bill, 1984 is already under discussion. Yesterday, Shri Rajesh Kumar Singh was on his legs and he had not concluded his speech. The total time allotted for this Bill is 2 hours, out of which 30 minutes have already been taken. We are left with one hour and 30 minutes. I would request the hon. Members to be brief in their speeches.

श्री राजेश कुमार सिंह (फिरोजबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, कल जो मैं इस चर्चा में भाग ले रहा था, तो मैं यह कह रहा था कि मृत्यु होने पर जो 20 हजार की रकम है, यह बहुत कम है।

"...where the death results from the injury".

ऐसे केसेज में 20 हजार रुपये देने की बात है। यह एमाऊन्ट बहुत कम है क्योंकि हवाई जहाज की दुर्घटना में अगर कोई मर जाता है, तो एक लाख रुपया दिया जाता है और रेल के एक्सीडेंट में अगर कोई मर जाए, तो 50 हजार 70 हजार रुपये तकरीबन मिल जाता है। फैक्टरी में अगर कोई दुर्घटना में मर जाता है, तो उसके लिए 20 हजार रुपये देने की बात है। एक तो यह मुद्दा है, जिसके बारे में मैं कहना चाहता था। नेशनल लेबर कमीशन ने कहा है:

"...that the wage limit for coverage under the Act may be removed altogether."

जहां एक तरफ लिमिट हटाने वाली बात कही है, वहा दूसरी तरफ एक हजार रुपये की बांध दी है। आप देखेंगे कि जो सीमा बांधी गई है सीमा वह इस तरह है:

"Where the monthly wages of a workman exceed one thousand rupees, his monthly wages for the purposes of clause (a) and (b) shall be deemed to be one thousand rupees only."

बोनस कमीशन ने जो रिकमेंडेशन की है उस के अनुसार 1600 रुपये तक की बात कही गई है। तो मैं माननीय मंत्री जी से यह कहना चाहूंगा कि यह जो बिल है, यह अधूरा बिल है और इस के स्थान पर एक सम्पूर्ण बिल लाएं। एक बहुत लम्बे समय के बाद आप यह संशोधन ला रहे हैं। 1976 में इस का संशोधन हुआ था और अब 15 वर्ष के बाद आप को मजदूरों की याद आई तो आप ने कुछ संशोधन कर डाले। 4-6 महीने के बाद फिर याद आएगी, तो और संशोधन कर देंगे। इसलिए मेरा कहना यह है कि मंत्री जी इस मामले को गंभीरता से लें। इस में कहीं आप ने देने की बात कही है और कहीं आप ने सीमा फिक्स कर दी है। तो यह नहीं होना चाहिए। मैं यह इसलिए कह रहा हूं कि यह वाजिब बात नहीं है। आपका जो नेशनल लेबर कमीशन था, उसकी जो रिकमण्डेशंस थीं, जिनको कि इसमें लागू किया गया, वे भी सही मायनों में लागू नहीं हो पा रही हैं। मैं मंत्री जी से, इस संदर्भ में, यह भी जानना चाहूंगा कि कमीशन की जो संस्तुतियां या रिकमण्डेशंस थीं, क्या उन पर सरकार विचार कर रही है? अगर कर रही है तो क्या उन्हें अमलीजामा पहनाने का प्रयास किया जायेगा?

मैं आपको एक जानकारी देना चाहता हूं। आपके पालियामेंट में बहुत से हिंदी में विधेयक और अंग्रेजी में बिल पेश होते हैं। मैं हिन्दी के इस विधेयक को और अंग्रेजी के इस बिल को देख रहा था, दोनों में मुझे कुछ अन्तर नजर आया। आपके हिन्दी के विधेयक में लिखा है—

"मृत कर्मकार की मासिक मजदूरी को सुसंगत गुणक से गुणा करके प्राप्त रकम के पचास प्रतिशत के समतुल्य रकम, या पच्चीस हजार रूपये की रकम, जो भी अधिक हो।"

इस तरह की छोटी छोटी गल्तियां आपके हिन्दी के विधेयकों में रह जाती हैं। मैं मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि हिन्दी के जो विधेयक हमें आप पढ़ने को भेजते हैं उनमें त्रुटियां न हों जिनसे कि लगे कि हिन्दी की कोई अवहेलना हो रही है। आपके अंग्रेजी के बिल में यह रकम 24 हजार रुपये दी हुई है। अगर आप इसे 25 हजार कर देते तो भी हिन्दी वाली बात जम जाती।

आप इस बिल को बहुत देर से लाये हैं, इससे अपने मजदूरों का अहित किया है और पूंजीपतियों का हित किया है। लेकिन आपको जो देने का क्राइटेरिया है उसमें रद्दो बदल होनी चाहिए। उसमें आप को बोनस एक्ट की बात को भी रखनी चाहिए।

मैं एक और बात रखना चाहूंगा। आपका जो प्रतिकार मिलने का प्रौसीजर है वह बड़ा कम्पलीकेटिड है। किसी की मृत्यु होने के बाद उसके परिवार के लोगों को पैसा लेने के लिए जाना पड़ता है, वहां लोगों से संपर्क स्थापित करना पड़ता है। अगर कोई पर-

मानेंटली डिसएबल हो गया है तो बीच में एक आदमी पड़ता है और एक लम्बा समय पैसा लेने में निकल जाता है। में आशा करता हूं कि मन्त्री जी इसका ख्याल रखेंगे कि उचित समय पर लोगों को पूरा मुआवजा मिल जाए। अगर वह समय पर उन्हें नहीं मिलता है तो यह भी उनके लिए अहितकर बात है। कभी कभी देखने में यह भी आता है कि मालिक कहता है कि इश्योरेंस कम्पनी पैसा देगी और इश्योरेंस कहती है कि मालिक पैसा देगा। इसी में वर्षो निकल जाते हैं। अगर केस कोर्ट में चला गया तो एक डिसएबल्ड आदमी कोर्ट में कैसे केस को फेस कर पायेगा। यह जो आपकी मुआवजा देने की प्रकृति है इसमें रद्दो बदल होनी चाहिए

मैं एक और कानूनी पहलू की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहूंगा। जहां आपने परमानेंटली डिसएबल होने की बात कही है —

> "A half-monthly payment of the sum equivalent to twenty-five per cent of monthly wages of the workman, to be paid in accordance with the provisions of sub-sections (2)."

आपने 25 परसेंट की बात कही है जो कि आज के जमाने में मुझे कुछ समझ में नही आती है। आज की स्थिति को देखते हुए आपको इसे उचित बनाना चाहिए। मान लीजिए कि कोई काम पर नहीं जाता है। काम पर आदमी तभी नहीं जाता है जबकि वह बाध्य हो जाता है, मजबूर हो जाता है, बीमारी से या किसी चोट की वजह से। उसमें भी आपने तीन दिन की अवधि की बात दी है। इसमें तीन दिन की बात नहीं होनी चाहिए। क्योंकि आप जानते हैं कि आये दिन फैक्ट्रियों में और खास तौर से कोयला खानों में खतरनाक घटनाएं घटती रहती हैं और जिनकी वजह से मजदूरों को कम्पेंसेशन देने की बात तक आ जाती है। कभी कभी ऐसे कानूनी पहलू आड़े आ जाते हैं जिनसे कि मजदूरों को प्रतिकार नहीं मिल पाता है। कानून में कोई खामी न रहे, जैसी कि परमानेट डिसएबल्ड वाली बात है, इस पर आप विचार करें। मुझे तो आपकी 25 परसेंट वाली बात समझ में नहीं आती हैं। जब आप मजदूर के हित की बात करते हैं तो आज की स्थिति को भी आपको सोचना चाहिए।

लेबर इंस्पेक्टर के बारे में आम शिकायत है, मैं सब की बात नहीं कहता हूं, लेकिन जनरल्ली लोगों की शिकायत है कि अगर उसको रिश्वत न दी जाए तो वह गलत रिर्पोर्ट देता है, मालिकों के साथ उसकी सांठगांठ बनी रहती है। इसलिए कुछ इसको भी कड़ा करने की जरूरत है।

साथ ही साथ जो नेगलीजेंश होता है, नेगलीजेंस के लिए कभी कह दिया जाता है कि मजदूर ने जानबूझ कर हाथ डाल दिया, इसके बारे में मैं कहना चाहता हूं कि मालिकों की नेगलीजेंश से जो घटनाए होती हैं उनके बारे में भी आपको सोचना चाहिए। आपका फैक्ट्री एक्ट ढीला-ढ़ाला है, उसको भी मजबूत बनाने की जरूरत है। वह बहुत पहले बना था। आजकल फैक्ट्रयों में मोडरेनाइजेशन हो रहा है, मशीनों का युग चल रहा है, उनमें ज्यादा जोखिम की बात है। इसलिए आपको फैक्ट्री एक्ट में संशोंधन करना चाहिए जिससे कि उद्योगपति जिसके यहां कोई मजदूर काम कर रहा है, उसको कोई क्षति या हानि हो जाती है, वह डिसएबल्ड हो जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति करमें से उद्योगपति बच न सके। इस तरह से नहीं होना चाहिए। इसके लिए सख्त कानून सरकार को लाने की कोशिश करनी चाहिए जिससे मजदूरों को जोखिम भरे काम करने में भी दिलचस्पी हो। अंत में भी बोनस कमीशन के बारे में कहना चाहता हूं कि इसके सुझावों पर अमल करना चाहिए और 1000 से बढ़ा कर 1600 रुपए कर देना चाहिए। इसमें डियरनेस अलाउंस वगैरह को भी जोड़ना चाहिए, सब जोड़कर कंपेसेशन मिलना चाहिए तभी मजदूर का आप कुछ भला कर पाएंगे। नहीं तो कोई मजदूरों के हित की ज्यादा बात इसमें नहीं है। इन शब्दों के साथ में इस बिल का समर्थन करता हूं।

श्री वृद्धि चन्द्र जैन (बाड़मेर) : उपाध्यक्ष महोदय, वर्क्समेन कंपेसेशन बिल 1984 का मैं समर्थन करता हूं। श्रीमन मैं इस सदन में बराबर

देख रहा हूं जब से मैं सदस्य लोक सभा बना हूं और पाटिल साहब मंत्री हैं तब से बराबर मजदूरों के हित के लिए कानून प्रस्तुत हो रहे हैं। कल भी हम लोग चर्चा कर रहे थे इम्मीग्रेंट्स के बारे में, लेबरर्स के बारे में, उस कानून को भी संशोधन कर के स्ट्रांग बनाया गया है। इसी प्रकार यह जो वर्क्समैने कंपंसेशन बिल मजदूरी का है, इसके तहत पहले मजदूर की मृत्यु होने पर 10 हजार रुपया दिया जाता था और अंपग होने पर 7200 रुपया दिया जाता था। अब इस 7200 को बढ़कर 20 हजार कर दिया गया है और 10 हजार की जगह 24 हजार कर दिया गया है। यह कानून युवकों के विशेष कर हित में है, इसलिए में इसकी विशेष तौर से प्रशंसा करना चाहता हूं। जितने भी युवक होंगे, जिनकी उम्र कम होगी, उनको अधिक मिलेगा। यह बिल्कुल ठीक चीज होने जा रही है। नेशनल लेबर कमीशन ने जो राय दी है वह वाकई में बिल्कुल सही है। अगर कोई जवानी में अपंग हो जाता है तो पूरा जीवन उसको निकालना पड़ता है। इस संबंध में अधिक अमाउंट देने का प्रावीजन किया गया है। यंग परसन्स को करीब एक लाख रुपए तक दिया जा सकता है और 80 हजार रुपए तक जोखिम भरे कारखाने में काम करते समय दुर्घटना होने पर दिया जा सकता है।

इस तरह से जो कानून में परिवर्तन लाया गया है उसका मैं समर्थन करता हूं। यहां पर जो सुझाव दिया गया है कि 1000 की जगह 1600 रुपया कर दिया जाए, मैं इसके पक्ष में नहीं हूं। 1000 रुपए का जो प्रवाधान है और उसके आधार पर कंपंसेशन दिया जाना है, इनको वर्क्समेन लेबरर की डेफीनेशन में लिया गया है। इससे मैं सहमत हूं।

उपाध्यक्ष महोदय, एक बात मेरी समझ में नहीं आती है कि वर्क्समेन कंपंसेशन एक्ट 1923 में बना और इसमें काफी अमेंडमेंट्स हुए 1976 में अमेंडमेंट हुआ यह समझ में नहीं आया कि हिज-मैजेस्टी डोमिनियन एटसेट्रा प्रोविजन कैसे रह गये ? इस संबंध में आपने जो सुझाव प्रस्तुत किए हैं, बिल्कुल सही है। पिसमील लेजिस्लेशन की बजाय विस्तृत लेजिस्लेशन लाना चाहिए। अगर इसमें देरी होती है तो पिसमील से यह लाभ हो जायेगा कि 7200 प्राप्त कर रहे हैं उनको बीस हजार का लाभ मिल जायेगा। आज सबसे बड़ी समस्या यह है कि लेबर और लॉ डिपार्टमेंट की जो एक्जीक्यूटिव मशीनरी है, वह ठीक से काम नहीं करती। यह, बहुत डिले करती है जिसकी वजह से विस्तृत लेजिस्लेशन नहीं लाया जाता। इसलिए, आपकी जो मशीनरी है उसको मजबूत कीजिए। एक्जीक्यूटिव मशीनरी के ठीक ढंग से काम न करने के कारण जो बहुत से लोगों को लाभ मिलना चाहिए, वह नहीं मिल पाता। लेजिस्लेशन के बारे में जो कमेटीज फक्शन करती हैं, अगर उसमें डिस्कस करके प्रस्तुत कर दिया जाए तो वह उचित रहता है। हम समाजवाद की ओर बढ़ रहे हैं इसलिए मजदूरों के प्रति विशाल दृष्टिकोण रखना चाहिए और उनके हित में सोचना चाहिए। जितने भी कारखाने हैं, उनमें उनकी पार्टनरशिप और कंट्रीब्यूशन हो ताकि वह महसूस करें कि यह हमारे ही कारखाने हैं, जिससे कि वे पूरी ताकत और योग्यता के साथ राष्ट्र की उन्नति में योगदान दे सकें। इन शब्दों के साथ, मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, सर्वप्रथम मैं इस बिल का स्वागत करता हूं लेकिन कुछ संशोधन के साथ। अभी जैसा कि हमारे साथी ने कहा कि यह कोई काम्प्रीहेन्सिव बिल नहीं है। छोटे पैमाने पर इन्होंने सुधार किया है जबकि इनके पास समय काफी था। 1969 में नेशनल कमीशन ने अपनी रिपोर्ट पब्लिश की थी। पन्द्रह साल का पीरियड कुछ कम नहीं होता है। यदि, चाहते तो इस बिल को पहले भी ला सकते थे और काम्प्रीहेन्सिव बिल भी आ सकता था। औद्योगिक जगत में दुनिया काफी आगे बढ़ रही है और हम अपने वर्कर्स को जो कि इस जगत की रीढ़ है, उनको थोड़ी सी भी सुविधा नहीं दे सकते तो यह बड़े आश्चर्य की बात है। इस बिल को लाने

से थोड़ी सी राहत हुई है इसलिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं।

मैं आपसे आशा और उम्मीद करता हूं कि आप जितना जल्दी हो सके इस सम्बन्ध में कोई काम्प्रीहैन्सिव बिल लायें। आप उस बात को छोड़िए कि रवीन्द्र वर्मा जी क्या लाये थे और आप लोग अपनी सरकार में क्या कर रहे हैं। मैं इस बिल के सम्बन्ध में अपनी बात कर रहा हूं। जब तक इसकी पूरी व्यवस्था में चेंज नहीं आता, स्थिति सुधर नहीं सकती। यदि हम इस बिल की मूल भावना को देखें तो वह अच्छी है और इसीलिए मैंने कहा कि मैं इस बिल का समर्थन करता हूं, लेकिन यह बिल अभी व्यापक नहीं है। जैसा मेरे साथियों ने भी कहा कि इसके ओब्जैक्टस सम्बन्धी स्टेटमैंट में सारे एम्पलाईज को नहीं जोड़ा गया है। मैं नहीं समझता कि भविष्य में आप क्या कर सकेंगे, लेकिन दिल्ली में ही देख लीजिए कि जितनी यहां फैक्ट्रियां हैं, उनमें काफी संख्या में मजदूर काम करते हैं परन्तु उनके लिए इसमें कोई विधान नहीं है। मेरी कांसटीटूऐंसी में ही दो आदमी थे, जिनमें एक की डैथ हो गई और दूसरे का हाथ कट गया। लेकिन वह एक प्राइवेट फैक्टरी में था, उसे कुछ नहीं मिला। मैंने सब जगह लिखा, लेकिन उसके बावजूद आज तक उसे कोई पैसा नहीं दिया गया है। ऐसे आदमियों की तरफ कोई ध्यान नहीं देता। इसलिए मेरा कहना है कि जिन लोगों के लिए इस बिल में प्रावधान किया गया है, उनको फायदा होगा, लेकिन उसमें अड़चनें सामने आयेंगी, कहीं प्रशासनिक अड़चनें आयेंगी, कहीं दूसरी बाधायें आयेंगी। अभी हमारे साथी ने लेबर इंसपैक्टर के रोल के बारे में बताया, उसके अलावा भी कई दूसरी बाधायें उपस्थित हो सकती हैं। लेकिन ऐसे लोगों के सम्बन्ध में भी आपको विस्तारपूर्वक विचार करके कोई प्रावधान रखना चाहिए जिनके साथ इस तरह की कठिनाइयां उत्पन्न हो जाती हैं। वे लोग सरकारी कर्मकारों से ज्यादा काम करते हैं लेकिन उसके बावजूद भी उन का शोषण होता है और उनके लिए किसी तरह के कम्पैन्सेशन की व्यवस्था विधान में नहीं है। प्राइवेट फैक्टरियों में उनसे बीस-बीस घण्टे काम लिया जाता है परन्तु काम करते समय यदि उनकी मृत्यु हो जाती है, हाथ कट जाता है, पैर कट जाता है तो उसके वास्ते उचित मुआवजे की व्यवस्था नहीं है। यदि हम लोगों के नौलेज में बात आ जाती हैं तो भले ही लिखा पढ़ी करके उनको दो-चार या पांच हजार रु० मिल जाए। इसलिए आप सबसे पहले तो सभी तरह के एम्पलाइज को इसमें जोड़िए। दूसरे कम्पैन्सेशन राशि आपने बहुत कम कर रखी है। वैसे तो आपने कहा है कि यह सीमा एक लाख बारह हजार रुपये तक है, लेकिन उसमें तक शब्द का प्रयोग है। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जब आपने हवाई जहाज में मरने वालों के लिए एक लाख रुपया क्षति पूर्ति के तौर पर देना स्वीकार किया है, रेलवे दुर्घटना में मरने वालों को भी लगभग इतनी ही राशि दी जाती है, उसी तरह जितने हमारे कर्मकार काम करते समय मर जाते हैं तो उन परिस्थितियों में भी आप उनके लिए एक लाख रुपये की राशि देना निश्चित कर दीजिए ताकि उसको हर हालत में इतनी राशि मिल सके।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि ऐसी परिस्थितियां आने पर हमेशा कोई न कोई टैक्निकल प्वाइंट ढूंढा जाता है कि वह काम पर नहीं मरा, घर जाते समय मरा या ऐसा ही कोई दूसरा प्वाइंट उसके लिए लगाया जाता है। मैं चाहता हूं कि इससे कोई मतलब नहीं रहना चाहिए। वह अपने सर्विस पीरियड में मरा, भले ही घर आ रहा था या घर से जा रहा है, लेकिन काम करने के लिए ही तो घर आ रहा था या जा रहा था, फिर आपके जितने कानून बने वे सब ह्यूमैनिटेरियन ग्राउन्ड्स पर बने हुए हैं, इसी तरह आपको इनके सम्बन्ध में भी मानवीय एप्रोच को ध्यान में रखते हुए कानून बनाने चाहिएं, न कि टैक्निकल आधार पर। यह नहीं देखना चाहिए, कि वह काम के

पीरियड में मरा या उस समय क्या कर रहा था। हमें ऐसी टैक्निकैलिटीज में नहीं पड़ना चाहिए। क्योंकि इसके कारण हम लोगों को भी परेशानी होती है। इसलिए इस बिल के सम्बन्ध में मैं इतना कहना चाहता हूं कि जहां मैं इस बिल का समर्थन करता हूं, वहीं मेरा आपसे आग्रह है कि जितना जल्दी हो सके आप मजदूर के हित में एक व्यापक बिल इस सदन में लायें ताकि जो लोग छूटे हुए हैं, उनको भी लाभ मिल सके और जो बेचारे किसी प्राइवेट फैक्टरी में काम करते हैं, उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं होती, उनके लिए भी सरकार को कोई व्यवस्था कानून में करनी चाहिए ताकि उनको भी उचित कम्पेन्सेशन मिल सके और उनका शोषण न हो तो मैं आपका बहुत अनुगृहीत हूंगा। इन शब्दों के साथ मैं इस बिल की भावना का समर्थन करता हूं।

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा) : उपाध्यक्ष जी, में वर्कमैन कम्पेन्सेशन बिल का समर्थन करता हूं। यह बिल स्वागत योग्य है और इसको पहले आ जाना चाहिये था और जल्दी से इसका फैसला होना चाहिये था। मगर देर आयद दुरुसस्त आयदा जिस प्रकार के प्रोवीजन इस बिल द्वारा किये गये हैं और जिस तरीके के मजदूरों को शामिल किया गया है वह भी स्वागत योग्य कदम है। पहले इसमें 1,000 रु० से उपर वाले लोगों को इनक्लूड नहीं किया जाता था। लेकिन अब हजार से ऊपर वाले लोगों को भी कम्पेन्सेशन की श्रेणी में लाया गया है, यह अच्छा कदम है। मगर इसमें कम्पेन्सेशन हजार रुपये से ऊपर उस मजदूर को मिलते थे तो भी उसको हजार रुपये पर कम्पनसेशन मिलता उतना ही रुपया उसको कम्पेन्सेशन के रूप में मिलेगा, यह ठीक नहीं। क्योंकि ज्यादा पैसा मिलने वाले आदमी को उतना ही मिले जितना कि 1,000 वाले को मिलता था तो उससे लोगों में असंतोष होगा।

दूसरे कि जो कम्पेन्सेशन अमाउन्ट तय किया गया है डैथ के मामले में 7,200 रु० की जगह 20,000 रु० रखा गया है और परमानेंट डिसएबिलमेंट के लिये 10.000 रु० की जगह 24,000 रु० रखा गया है, यह कम लगता है रु० की वैल्यू को देखते हुए। आज की रुपए की वैल्यू को देखते हुए कम्पेन्सेशन देना चाहिये। कम्पेन्सेशन के लिए केवल पे ही नहीं, बल्कि सारे अलाउन्सेज जोड़ कर के कम्पेन्सेट किया जाय तो मजदूर को ज्यादा कम्पेन्सेशन मिल पायेगा। ऐसी व्यवस्था आपको जरूर करनी चाहिए।

एक प्रश्न और है काम करते वक्त जो ऑक्यूपेशनल डिजीजेज मजदूरों को हो जाती हैं, जैसे माइका में काम करने वालों को टी० बी० बहुत होती है और स्थाई रूप से उस बीमारी से क्योर नहीं हो पाते हैं, उसकी लिस्ट आपने इनक्लूड की है, मगर जो लोग बिलकुल डिसएबिल हो जायें इन बीमारियों से उनको कितना कम्पेन्सेशन मिलेगा, किस प्रकार से तय किया जायगा इस सम्बन्ध में शड्यूल 4 में जो दिया हुआ है उसी हिसाब से तय किया जायगा या और कोई व्यवस्था की जायगी, इसको भी आपको साफ करना चाहिये। वरन छोटी-छोटी जगह पर कम्पेन्सेशन कमिश्नर के आफिस में जब मुकदमे चलते हैं तो बड़ी-बड़ी कम्पनियों द्वारा अच्छे वकील खड़े कर दिये जाते हैं जो तरह-तरह की कानूनी खामियां बताकर दिक्कतें पैदा करते हैं और बेचारा मजदूर परेशान होता है। हमारे यहां भीलवाड़ा में मेवाड़ टैक्सटाइल्स में एक मजदूर की काम करते वक्त 4 उंगलियां कट गई उसको वर्कमैन कम्पेन्सेशन कमिश्नर ने 20 000 रु० का अवार्ड दे दिया। लेकिन चूंकि मेवाड़ टैक्सटाइल मिल का मालिक बड़ा पैसे वाला आदमी है उसने हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट में अपील की और सभी जगह हार जाने के बाद भी आज तक उसने एक पैसा नहीं दिया। तो इस तरह का भी कोई प्रावधान करना चाहिए कि अगर कम्पेन्सेशन कमिश्नर उसके सम्बन्ध में कोई फैसला कर दे तो वह पैसा मालिक को सरकार के खजाने में जमा कराना होगा उसके बाद ही वह अपील में जा सकता है। अगर ऐसा

प्रावधान नहीं होता है तो मालिक गरीब मजदूर को थका देगा।

वह कहां हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट और अन्य स्थानों में लड़ेगा? इसलिए इस प्रकार का प्रावधान कानून में होना चाहिये कि जब कम्पेंसेशन का एमाउन्ट कम्पेंसेशन कमिश्नर तय कर दे तो वह फौरन कचहरी में जमा करा दे। इसकी निश्चित व्यवस्था होनी चाहिए ताकि मजदूर को बाद में कोई झंझट न हो।

वर्कमेंन कम्पेंसेशन कमिश्नर के बहुत से अधिकार आपने लेबर डिपार्टमेंट के अधिकारियो को दे रखे हैं, जैसे हमारा भीलवाड़े में लेबर वैलफेयर आफ़िसर रहता है, उसको आपने यह अधिकार दे रखे हैं। एसिस्टेंट लेबर कमिश्नर अजमेर में रहता है उसको आपने ये अधिकार दे रखे हैं, मगर बहुत सी जगह आपके डिपार्टमेंट के अधिकारी मौजूद नहीं रहते हैं। भीलवाड़े में वैलफेयर आफिसर के पद पर एक साल से किसी की नियुक्ति नहीं हुई है। लोग कम्पेंसेशन केसेज लेकर कहां जायें, कौन उनको डिसाइड करेगा? एसिस्टेंट लेबर कमिश्नर वहां पर बिल्कुल नहीं होता है। इसलिए जहां आपने वर्कमेंन कम्पेंसेशन कमिश्नर के कुछ अधिकार लेबर आफिसर्स को दे रखे हैं वह अधिकारी ही अगर वहां पर न हों तो उस हालत में आपको ध्यान रखना चाहिए कि वहाँ अधिकारी नियुक्ति हों और जल्दी से जल्दी इन मुकदमात के फैसले हों।

भीलवाड़े में एक साल से लेबर आफिसर की नियुक्ति नहीं हुई है और वहां इतने मजदूर हैं कि अन्दाजा नहीं लगाया जा सकता। वहां पर माइका की माइन्स हैं, सोप-स्टोन, एसबैस्टोज, स्टोन, सैंड स्टोन, खाड़िया मिट्टी की खानें, जिंक, राक फास्फेट की बहुत खाने हैं जिनमें एक लाख से ज्यादा मजदूर उस जिले में काम करते हैं। एसिस्टेंट लेबर कमिश्नर के दफ्तर होने से मजदूरों को फायदा मिल सकता है, वह वहां पर नियुक्त होना चाहिए, लेकिन एक साल से लेबर आफिसर ही गायब है। आप बतायें किस तरह से वहां के मजदूरों को सहूलियत मिल सकती है?

आज आपने इस कानून में बहुत से सेंट्रल गवर्नमेंट इम्पलाईज को भी इन्क्लूड कर लिया है। आपने इसमें मिकदार को बढ़ा दिया है कि 1 हजार से ऊपर पाने वालों को भी कमपेंन्सेशन दिया जा सकेगा। आज लाखों सैंट्रल गवर्नमेंट के एम्पलाई हैं जिनको 1 हजार से ज्यादा मिलता है, उसी प्रकार के मजदूर भी इसमें शामिल हो गये हैं। आज इस तरह से बहुत बड़े तबके को इस कानून से फायदा मिलेगा।

इस कानून को लाने का आपने अच्छे ढंग से प्रयास किया है। इसमें आज कम्पेन्सेशन बढ़ाने की आवश्यकता है।

कुछ लोगों का टैम्परेरी डिसएबलमैंट हो जाता है, जिन कारखानों में मजदूर काम करते हैं, वहां ई० एस० आई० लागू है, उसके जरिये अगर किसी की छोटी उंगली कट गई या छोटा डिसएबलमैंट हो जाये तो उसका फैसला वहां के लोकल ई० एस० आई० के अधिकारी कर देते हैं और उनको पेमैंट कर सकते हैं, मगर आपको देखना चाहिए कि जो ई० एस० आई० स्कीम आपने चालू कर रखी है, उसमें वहां पैसे की व्यवस्था नहीं है। वहां लोगों को न दवाई मिलती है और न कम्पेंसेशन का पैसा मिलता है। मजदूर इसके लिये मारे-मारे फिरते हैं। इसके सम्बन्ध में आप तवज्जह दीजिये कि अगर छोटे-छोटे एक्सीडेंट्स हो जाते हैं तो उसके बारे में तुरन्त मजदूर को पैसा मिले और इस प्रकार की स्कीम को आपको मजबूत करना चाहिये।

MR. DEPUTY-SPEAKER : Have you given any amendment to incorporate this suggestion ?

SHRI RAMAVATAR SHASTRI (Patna): He can suggest it even now.

श्री गिरधारी लाल व्यास : इस कानून से लोगों को काफी राहत मिलेगी। आपको यह भी देखना चाहिए कि जिनकी डैथ हो जाती है या

परमानेन्ट डिसएबल हो जाते हैं, इस प्रकार के लोगों को टाइमली रिलीफ इससे मिलता है या नहीं ?

क्या मंत्री महोदय एक काम्प्रिहेंसिव बिल में यह प्रावधान करेंगे कि जो एमाउंट डिसएबलमेंट या डेथ के सम्बन्ध में बनता है, पहले वह एमाउंट उस दफ्तर में जमा हो जाए और उसके बाद आपोजिट पार्टी को लड़ने का अधिकार हो।

संगठित लेबर के सम्बन्ध में ट्रेड यूनियन्ज काम करती है, लेकिन असंगठित लेबर, कट्रेक्ट लेबर और इम्मीग्रेन्ट लेबर के बारे में भी सरकार को व्यवस्था करनी चाहिए। लेबर इन्स्पेक्टर की यह ड्यूटी होनी चाहिए कि अगर किसी के हाथ-पांव कट जाते हैं या डेथ हो जाती है, तो उसका केस दर्ज कराए और पेमेंट दिलाए।

इन शब्दों के सांथ मैं इस बिल का स्वागत करता हूं। जो कठिनाइयां मैंने रखी हैं, मंत्री महोदय उनको दूर करने का प्रयत्न करें।

MR. DEPUTY-SPEAKER : Mr. Ramavatar Shastri may speak.

At least all those hon. Members who have spoken should remain till the Minister replies.

SHRI CHITTA BASU (Barasat) : Why should they ?

MR. DEPUTY-SPEAKER : It is a formal suggestion.

(Interruptions)

MR. DEPUTY-SPEAKER : You must know how far the Government accepts your suggestion; for that you must wait.. You take it or reject it. I would say that any hon. Member who speaks must remain and be present when the Minister replies.

(Interruptions)

रामावतार शास्त्री (पटना) : उपाध्यक्ष महोदय, श्रमजीवी मुआवजा (संशोधन) विधेयक, 1984 का मैं एक संशोधन के साथ समर्थन करता हूं। यह कानून 1923 में बनाया गया। इसका पहला संशोधन 1976 में हुआ और दूसरा संशोधन हम लोग अब कर रहे हैं। मेरी भी राय है कि अगर मजदूरों के जीवन से सम्बन्धित तमाम मसलों को लेकर एक विस्तृत विधेयक बनाया जाता, तो ज्यादा अच्छा होता। टुकड़ों टुकड़ों में विधेयक बनाना ठीक नहीं होता है। इसी दृष्टिकोण से एक विस्तृत विधेयक लाने की आवश्यकता है, जिसमें तमाम बातों को समाहित किया जा सके।

इस विधेयक में आकुपेशन डिसीजिज या उपजीविका-जन्य रोगों की चर्चा की गई है, जिनमें 34 रोगों का उल्लेख है। उनमें कारखानों में काम करने की वजह से होने वाली करीब करीब सभी तरह की बीमारियां आ जाती हैं। मजदूर की बीमारी ठीक तरह से पकड़ा जा सके, इसका पता लगाने के लिये सरकार की मशीनरी बड़ी चुस्त और दुरुस्त होनी चाहिए। ताकी सचमुच में जो बीमार है उसका पता चल जाए और अगर अंग-भंग हो गया या मृत्यु हो गई तो हम जान लें कि इस वजह से मृत्यु हुई। तो इसके लिए कोई न कोई विधि आपको निकालनी होगी।

तीसरी बात यह है कि आपने मजदूरी की सीमा हटा दी है। पहले आपने एक सीमा बांध रखी थी कि उससे ज्यादा मजदूरी पाने वाले को मुआवजा नहीं देंगे। लेकिन अब आपने सीमा हटा दी जो कि स्वागत-योग्य है।

इसी के साथ साथ मैं एक बात कहना चाहूंगा। क्लाज (4) में जो आपने एक्सप्लेनेशन दिया है उसमें कहा गया है :

> "Where the monthly wages of a workman exceed one thousand rupees, his monthly wages for the purposes of clause (a) and (b) shall be deemed to be one thousand rupees only."

इसका अर्थ यह हुआ कि दो हजार जिसकी तनख्वाह है उसके लिए भी आप एक हजार ही मानेंगे तो मैं समझता हूं यह मुनासिब नहीं है। मैं समझता हूं इस एक्सप्लेनेशन की कोई जरूरत नहीं है, इसको आप डिलीट कर दीजिए।

MR. DEPUTY-SPEAKER : You can suggest Rs. 1600 instead of Rs. 1000/-

SHRI RAMAVATAR SHASTRI : My first amendment is explanation to clause 4 should be deleted.

The ceiling has been abolished. It is very good. The compensation will even then be restricted to a monthly wage ceiling of Rs. 1,000/-. If this amendment is not acceptable to the Government, then at least a monthly wage ceiling should be Rs. 1600/- instead of Rs. 1000/-. Rs. 1600 has been the standard monthly wage ceiling fixed by the Government in different legislations.

विभिन्न कानूनों में आपने 1600 तक रखा है तो इस कानून में आप 1000 क्यों करना चाहते हैं ? आप अपने रास्ते से पीछे क्यों जा रहे हैं ? आगे आने का समय है, पीछे जाने का नहीं । इसलिए मेरा निवेदन है कि आप मेरे इस अमेन्डमेंट को स्वीकार कर लेंगे तो श्रमजीवियों को नुकसान नहीं होगा और आपकी मंशा भी यही है कि उनको ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचे । मरने पर उनके परिवार जनों को और जिन्दा रहने पर, यदि अंग-भंग हो जाते हैं, तो उस स्थिति में सरकार सहानुभूतिपूर्वक उनकी ज्यादा से ज्यादा मदद करे इस दृष्टिकोण से इस एक्सप्लेनेशन को हटा देना आवश्यक है ।

मुआवजे की रकम के बारे में मुझे यह कहना है कि जान सबकी बराबर है । कोई हवाई जहाज में मरे, ट्रेन में मरे या कारखाने में काम करते हुए किसी अकूपेशनल डिजीज का शिकार होकर मरे-जान सभी की बराबर है । और आप तो समाजवाद की बात करते हैं, समाजवाद में जान एक ही होती है इसलिए मुआवजे की रकम भी सभी के लिए एक लाख होनी चाहिए ।

आप कहते हैं कि छोटे कारखानेदार कहां से देंगे तो इसमें बड़े-बड़े कारखानेदार हैं, बिड़ला जी भी हैं, उनकी रौरो माइन्स हैं जहां एस्वेस्टास शीट्स का काम होता है । इसी तरह से इसमें ज्यादातर इजारेदार ही होंगे, कारखानों को चलाने वाले फिर उनके साथ रियायत क्यों ? जब रेलवे में एक लाख, हवाई जहाज में एक लाख है तो इन कारखानेदारों को भी एक लाख देना चाहिये यह मेरा सुझाव है ।

आखारी बात मैं कम्पेंसेशन यानि मुआवजे के बारे में कहना चाहता हूं । इसकी अदायगी में बहुत विलम्ब होता है, मेरी दृष्टि में विलम्ब नहीं होना चाहिए, क्योंकि मरने वाला तो मर जाता है, उसके बाद में उसके परिवार के लोगों को परेशान होना पड़ता है । घूमते-फिरते चक्कर लगाते, कम्पेंसेशन कमीशनर का दफ्तर खोलने में, बड़े बाबुओं को पकड़ने पर उसको पता नहीं कितनी घूस देनी पड़ती है । मैं चाहता हूं कि आप एक सीमा बान्ध दीजिए कि इतने दिनों के बाद कम्पेंसेशन मिल जाएगा । मरने के बाद या उंगली कट जाए या अंग कट जाए या शरीर अंग-भंग हो जाए—हर स्थिति में एक सीमा निर्धारित करना जरूरी है । यदि आप सीमा निर्धारित नहीं करेंगे तो वह बेचारा गरीब चक्कर लगाते-लगाते मर जाएगा और उसको जितनी कम्पेंसेशन की राशि मिलनी चाहिए, वह नहीं मिलेगी । मिलने के पहले ही उसको कितनी राशि अपनी जेब से खर्च करनी पड़ेगी इसके लिये आपको कोशिश करनी चाहिये ।

इन शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं और निवेदन करता हूं कि क्लाज-4 के एक्सप्लेनेशन को हटा दें, नहीं तो कम से कम एक हजार रु० के बदले 1600 रु० कर देने चाहिए ।

SHRI HARIKESH BAHADUR (Gorakhpur) : Mr. Deputy Speaker, Sir, it is not a bad Bill. But I deliberately avoid to say that it is a good Bill because I wanted a comprehensive Bill on the subject.

So far as this compensation is concerned, in my opinion, this compensation should be based on the age-group and in any case, it should not be less than Rs. one lakh. Upto 30 years, if anybody becomes disabled, he should be paid Rs. 1.5 lakhs. Between 30 and 50 years, it should be Rs. 1.25 lakhs and above 50 years, it should be Rs. 1 lakh

as compensation. This is my suggestion and I would like to request the hon. Minister to look into it and try to help the workers accordingly.

In a railway accident, if anybody dies, as many Members have pointed out, his next heir would get Rs. one lakh as compensation. But if a worker of Railways dies in the same accident, he does not get the same amount. Therefore, this kind of difference must be eliminated and some provision should be provided that to give that much of compensation to the workers also. Similarly, in other accidents also, like aeroplane accident, there should be no difference and the workers must be paid the same amount which is being paid to the passengers.

Now, Sir, there should be a provision in the Bill that if a worker dies while working, a member of his family must be given employment. Suppose his children are minor, then in that case, one of them must be given a job when he becomes major. There must be a provision of this kind. I know a case which I have referred to the five successive Finance Ministers of those country since 1977 till this date and the person did not get the job so far. One person was working in the Imperial Bank. He died during his service period.

MR. DEPUTY SPEAKER : You have represented the case to the five successive Finance Ministers. It is high-time that you become the Finance Minister and implement the scheme.

SHRI HARIKESH BAHADUR : I do not know what will happen-whether this will be done during the tenure of this Government or not. I wrote to Shri H.M. Patel, Chaudhury Charan Singh, Shri H.N. Bahuguna, Shri R. Venkataraman and the fifth Finance Minister Shri Pranab Mukherjee. I referred this case to all of them. His father was working in the Imperial Bank. He died during the service period. At that time, his son was minor. He did not get the job. The authorities of the Imperial Bank assured that he would definitely get the job when he become major. In the mean time, the Imperial Bank was merged with the State Bank of India. Now, the State Bank of India authorities are continuously reluctant to provide job to this person. While taking about this issue, he gave them the case and quoted some examples also. But they are not at all prepared to listen. Mr. Pranab Mukherjee had assured me that he will definitely do something for the boy. But he also could not do anything so far. For the last two years, he has been trying. He speaks to the officers; the officers come and give some explanation. I do not know whether the Finance Minister gets satisfied or not. I was having some hope-with every Finance Minister. But nobody could solve the problem. I do not want to differentiate anybody in this matter.

MR. DEPUTY SPEAKER : You continue to pursue the matter.

SHRI HARIKESH BAHADUR : I have been pursuing it for the last 7 years.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI : On compassionate grounds, they can give some job.

